प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 07.07.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रदेश में प्राथमिक स्कूलों के विलय का रास्ता साफ : इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने विलय रोकने को लेकर की गई याचिकाओं को किया खारिज।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज हेलीकॉप्टर से कांवड़ यात्रा रूट का किया हवाई सर्वेक्षण : अधिकारियों को तैयारियां पूरी करने के दिये निर्देश।
3. केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान कल मेरठ में 10 करोड़ रुपए की लागत से तैयार एग्रीटेक इन्नोवेशन हब का करेंगे लोकार्पण।

और

4. श्री काशी विश्वनाथ धाम में सावन को लेकर तैयारियां तेज : सिंगल यूज प्लास्टिक पर लगी रोक, 10 अगस्त से प्लास्टिक पर लगेगा पूरी तरह प्रतिबंध।

————————

इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने प्राथमिक स्कूलों के विलय रोकने को लेकर की गई याचिकाओं को खारिज कर दिया है। न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने सीतापुर के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूलों में पढ़ने वाले 51 बच्चों की याचिका समेत एक अन्य याचिका पर यह फैसला सुनाया। राज्य सरकार की ओर से

याचिकाओं के विरोध में दलील दी गई कि विलय की कार्रवाई, संसाधनों के बेहतर इस्तेमाल के लिए बच्चों के हित में की जा रही है। कोर्ट ने बीते शुक्रवार को सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया था।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से आज भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो के अध्यक्ष और केंद्र सरकार के अंतरिक्ष विभाग के सचिव डॉ. वी. नारायणन ने मुलाकात की। इस दौरान राज्य के लिए रिमोट सेंसिंग तकनीकों के माध्यम से विकास की नई संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। एक रिपोर्ट.....

*आज की बैठक में इसरो अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को रिमोट सेंसिंग क्षेत्र में अब तक हुई प्रगति और उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मौसम पूर्वानुमान, वन और हरित क्षेत्र की निगरानी, भूजल प्रोफाइल, मानचित्रण और जलवायु परिवर्तन जैसे विषयों पर पहले से ही व्यापक कार्य हो चुका है। मुख्यमंत्री ने राज्य में आकाशीय बिजली से हो रही जनहानि पर गहरी चिंता व्यक्त किया। उन्होंने सुझाव दिया कि प्रदेश के लिए एक अलग उपग्रह विकसित किया जाए, जो विशेष रूप से आकाशीय बिजली की पूर्व चेतावनी देने में सक्षम हो। इसरो अध्यक्ष डॉ. नारायणन ने आश्वस्त किया कि वे इसका ठोस समाधान निकालने की दिशा में कार्य करेंगे। समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।*

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज हेलीकॉप्टर से कांवड़ यात्रा रूट का हवाई सर्वेक्षण किया। साथ ही कांवड़

यात्रा को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। राज्य के नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने बताया कि प्रदेश में कांवड़ यात्रा को लेकर तैयारियां तेज़ी से पूरी की जा रही हैं। सभी कांवड़ मार्गों पर प्रकाश, पीने के पानी और शौचालयों की पूरी व्यवस्था की गई है। उन्होंने कांवड़ यात्रियों से अपील की कि वे बिजली के खंभों और हाई टेंशन तारों के संपर्क में आने से बचें। बाइट......

*इस बार भी हमने पूरी व्यवस्था कर रखी है और आने वाले दिनों में हम उसकोऔर भी समीक्षा करके उसको और भी चुस्त दुरूस्त बनाये जिससे कि कांवड़ यात्रियों का अनुभव श्रेष्ठ रहे, अच्छा रहे और पिछले सालों से भी बेहतर हो। हम पूरी व्यवस्थाएं करते हैं कि बिजली के चलते कहीं कोई दुर्घटना ना हो। कई बार बिजली के खंभे हमारी सारी सावधानियों के बावजूद भी कई बार खंभे दुर्घटना का कारण बन जाते हैं। मैं कांवड़ यात्रियों को अपने भाइयों बहनों को भी कहना चाहूँगा कि आप भरसक खंभों से दूर रहे उनको छूने की आवश्यकता नहीं है।*

————————

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान कल मेरठ में सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में बने एग्रीटेक इन्नोवेशन हब का लोकार्पण करेंगे। इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री जयंत सिंह चौधरी भी मौजूद रहेंगे। इस दौरान आईआईटी रोपड़ और विश्वविद्यालय के बीच कृषि को उन्नत बनाने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी किए जाएंगे, जिससे कृषि आधारित शिक्षा को बढ़ावा मिल सके। इस एग्रीटेक हब का निर्माण 10 करोड़ रुपये की लागत से आईआईटी रोपड़ के सहयोग से हुआ है।

————————

केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने अपने संसदीय क्षेत्र पीलीभीत के तीन दिवसीय दौरे के आखिरी दिन आज आशा सम्मेलन में हिस्सा लिया। केंद्रीय राज्यमंत्री ने महिला स्वास्थ्य कर्मियों के योगदान को बहुमूल्य बताते हुए उनका हौसला बढ़ाया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ग्रामीणों का स्वास्थ्य बेहतर बनाने में आशा और संगिनी का महत्वपूर्ण योगदान है।

————————

महिला कल्याण बाल विकास और पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य ने आज लखनऊ में बाल कुपोषण के विरुद्ध चलाए जा रहे राज्यव्यापी संभव अभियान के पाँचवें संस्करण का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि संभव अभियान सितंबर तक चलेगा। अभियान का उद्देश्य प्रदेश के कुपोषित और अति कुपोषित बच्चों का पोषण कर उनके स्वास्थ्य को बेहतर बनाना है। बाइट.....

*ये अभियान हम इसलिए चलाते हैं कि हमारे उत्तर प्रदेश में जितने भी कुपोषित बच्चे हैं, अति कुपोषित बच्चे हैं, उनको हम कैसे ठीक करें, उन्हें कैसे मेन स्ट्रीम में लाएं और जो आंगनबाड़ी केन्द्रों पर जो बच्चे आ रहे हैं जा रहे हैं हम उनकी पढ़ाई की, उनके स्वास्थ्य की और उनको सही भोजन मिल रहा है कि नहीं जिससे उनका विकास अच्छी तरह हो सके। इसलिए यह अभियान हर साल चलाया जाता है।*

————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————

आगामी जनगणना के दौरान स्व–गणना के लिए एक समर्पित वेब पोर्टल उपलब्ध होगा। यह पोर्टल जनगणना–2027 के दोनों चरणों के लिए उपलब्ध होगा। भारत के महापंजीयक और जनगणना आयुक्त ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह देश की पहली डिजिटल जनगणना होगी। डेटा अंग्रेजी, हिंदी और क्षेत्रीय भाषाओं में मोबाइल ऐप का उपयोग करके एकत्र किया जाएगा। जनगणना दो चरणों में आयोजित की जाएगी। पहले चरण में, आवास सूचीकरण और आवास गणना अप्रैल 2026 से शुरू होगी, जबकि दूसरे चरण में जनगणना की जाएगी।

————————

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज अयोध्या जनपद के मसौदा विकासखंड स्थित कंपोजिट विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्र की शैक्षिक, पोषण और आधारभूत

व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने बच्चों से संवाद भी किया। राज्यपाल ने कक्षा निरीक्षण के दौरान डिजिटल शिक्षण व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि बच्चों को महापुरुषों के जीवन से प्रेरक प्रसंगों की जानकारी देना, योग, खेलकूद और नैतिक शिक्षा जैस विषयों से जोड़ना आवश्यक है।

————————

श्री काशी विश्वनाथ धाम में 10 अगस्त से प्लास्टिक को पूरी तरह प्रतिबंधित करने का निर्णय लिया गया है। यह फसला कल श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में मंडलायुक्त एस राजलिंगम की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय समन्वय बैठक में लिया गया। पेश है एक रिपोर्ट.....

*श्रावण मास शुरू होने से पहले तैयारियों को लेकर हुई समीक्षा बैठक में कई अहम निर्णय लिए गए। इनमें पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अहम कदम उठाते हुए प्लास्टिक पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने का फैसला किया गया है। इसी क्रम में सिंगल यूज़ प्लास्टिक के इस्तेमाल पर कल यानी 6 जुलाई से पूरी तरह रोक लगा दी गई है। धाम के परिसर के आसपास के दुकानदारों को फूल माला इत्यादि प्लास्टिक की थैलियों में ना देने के निर्देश दिए हैं। वहीं 10 अगस्त से किसी भी तरह की प्लास्टिक के सामान लेकर मंदिर परिसर में प्रवेश करने पर पाबंदी लगा दी गई है। इस फैसले के बारे में श्रद्धालुओं को अवगत कराने के लिए सोशल मीडिया, समाचार पत्रों, स्थानीय चैनलों और जन संपर्क माध्यमों के ज़रिए व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाएगा। मनीषसिंह, आकाशवाणी समाचार, वाराणसी।*

इस बैठक में 11 जुलाई से शुरू हो रहे सावन माह से जुड़ी तैयारियों की भी समीक्षा की गई। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्वभूषण मिश्रा ने बताया कि सावन में प्रतिदिन होने वाली

आरतियों के लिए सभी स्लॉट भर चुके हैं। केवल शयन आरती के लिए कोई टिकट नहीं लगता, क्योंकि यह आरती केवल काशीवासियों द्वारा की जाती है। सावन माह में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा, सफाई और संसाधनों की भी समूची व्यवस्था पूरी कर ली गई है।

————————

लखनऊ स्थित डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय की छात्राओं, स्वाति और कनक सिंह ने युगांडा पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल टूर्नामेंट 2025 में विभिन्न स्पर्धाओं में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतकर प्रदेश का नाम रौशन किया है। स्वाति ने महिला एकल में रजत, महिला युगल में स्वर्ण और मिक्स्ड डबल्स में कांस्य पदक हासिल किया। वहीं कनक सिंह ने महिला एकल और महिला युगल वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। 1 से 6 जुलाई तक युगांडा की राजधानी कैंपाला में आयोजित इस प्रतियोगिता में 50 से अधिक देशों के पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

————————

प्रदेश के लगभग सभी पूर्वी जिलों में छिटपुट बादलों के बीच तेज धूप निकल रही है। इसके चलते तापमान में बढ़ोत्तरी दर्ज की गयी है। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिन तक यही स्थिति बनी रहेगी, उसके बाद कई स्थानों पर गरज–चमक के साथ वर्षा की शुरूआत होगी।

उधर, मानसूनी बारिश के कारण अयोध्या में सरयू नदी खतरे के निशान से लगभग चौबीस सेंटीमीटर ऊपर बह रही है।

(समाप्त)